हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

13 गांव रामपुरा बिश्नोइयां व खुइयां मलकाना में सांसद खेल महोत्सव शुरू



14 आईपीएस अधिकारी मामले को लेकर हर तरफ गुस्सा



## खबर संक्षेप

### पीएचडी कर रही युवती से ठगी, लाखों हड़पे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने पीएचडी कर रही एक युवती को वर्क फ्रॉम होम के नाम पर कमाई का झांसा देकर उससे लाखों रुपये हड़प लिए। जब युवती को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने सोमवार को धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया है।

### दो दिवसीय श्री बांके बिहारी संध्या 24-25 को

**फतेहाबाद।** गुरु कृपा सेवा मण्डल, फतेहाबाद द्वारा आगामी 24 एवं 25 अक्टूबर को भव्य श्री थांके बिहारी संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भजन गायक भारत टुटेजा ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार को यह दो दिवसीय भक्ति कार्यक्रम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला, फतेहाबाद में आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 7:15 बजे से प्रारंभ होकर हरि इच्छा तक चलेगा। इस पावन संध्या में नंगली दरबार के समस्त संतजन अपनी उपस्थिति देंगे।

### सीआईए ने हेरोइन सहित तस्कर को किया काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 8.39 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि एएसआई रघुबीर सिंह अपनी टीम सहित अपराध रोकथाम ड्यूटी के दौरान गांव नंगल के नए बस अड्डे के पास मौजूद थे, तभी मुखबिर खास ने सूचना दी कि इकबाल सिंह निवासी सरदारेवाला गांव सरदारेवाला से हाकमवाला रोड की तरफ रजबाहा पुल पर हेरोइन बेचने के इरादे से खड़ा है।

### ग्रीन पटाखों के लाइसेंस के लिए 15 तक आवेदन

**रतिया।** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंस जारी किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्रीन पटाखों के अस्थाई लाइसेंस के इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र तहसील कार्यालय में 15 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे तक प्रस्तुत करें। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि निश्चित समय उपरांत कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायगा।

### धूमधाम से मनाया जाएगा प्रकाश उत्सव

**रतिया।** गुरुद्वारा श्री गुरू ग्रंथ साहिब अंगीठा साहिब नथवान में श्री गुरु नानक देव महाराज जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर 30 अक्तूबर से आयोजन किया जाएगा। वहीं जानकारी देते हुए गुरद्वारा साहिब के सेवादारों ने बताया कि श्री गुरु नानक देव महाराज जी के प्रकाशोत्सव मौके 7 दिवसीय नाम सिमरन समारोह 30 अक्तूबर से 5 नवंबर तक आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया हर वर्ष गुरु साहिब जी का प्रकाशोत्सव हर वर्ष मनाया जाता है।

### जगसीर की मुर्राह भैंस ने जीता 30 हजार का इनाम

**सिरसा।** जिला के गांव मल्लेकां निवासी जगसीर सिंह पुत्र साधु सिंह की मुर्राह नस्ल की भैंस ने एक दिन में 22.750 किलोग्राम दूध देकर 30 हजार रुपए का पुरस्कार जीता है। गांव माधोसिंघाना के पशु चिकित्सक डा. राकेश कुमार ने इस भैंस की लगातार तीन दिन तक दुग्ध की क्षमता का मापन किया। जिसके बाद इसे विजेता घोषित किया गया। डॉ. रवि कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के दुधारू पशुओं में नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के माध्यम से ऐसी स्कीमें चलाई जाती है, जिससे पशुपालन प्रोत्साहित होते हैं।

## लिफ्टिंग में फतेहाबाद जिला तीसरे नंबर पर

# प्रतिकूल मौसम के चलते 6 से 8 क्विंटल प्रति एकड़ गिरा धान का उत्पादन

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

जिले की मण्डियों में इस समय बासमती व परमल किस्म के धान की आवक बड़ी तेजी से हो रही है। फतेहाबाद में अब तक 1 लाख 53 हजार 367 एमटी परमल धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 1 लाख 22 हजार 655 एमटी धान की मंडियों से लिफ्टिंग हो चुकी है। 80 प्रतिशत लिफ्टिंग के साथ फतेहाबाद जिला प्रदेश में तीसरे नंबर पर है। 86 प्रतिशत के साथ कुरूक्षेत्र जिला पहले नंबर पर व यमुनानगर 85 प्रतिशत लिफ्टिंग के साथ दूसरे पर है। फतेहाबाद के पड़ोसी जिले हिसार व सिरसा में अभी तक 62 व 56 प्रतिशत ही लिफ्टिंग हुई है। पिछले दिनों भारी बारिश के चलते धान की फसल में काफी पानी भर गया था। कई क्षेत्रों में धान की फसल डूब गई थी, जिसके चलते इस बार बासमती धान के उत्पादन में भारी कमी आई है। एक अनुमान के अनुसार इस समय किसान को 20 से 25 हजार रुपये प्रति नुकसान झेलना पड़ रहा है। दरअसल काफी समय तक धान की फसल से पानी नहीं निकल पाया, जिस कारण उत्पादन में कमी आई। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि 1509 धान की अगेती फसल में प्रति एकड़ 6 से 8 क्विंटल तक की कमी आई है। परमल धान भी मण्डियों में तेजी से आना शुरू हो गया है। इसके प्रति एकड़ उत्पादन में भी यही कमी नजर आ रही है। इस बार धान का प्रति एकड़ उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 6 से 8 क्विंटल तक कम हो रहा है। बासमती धान की खरीद सरकार नहीं करती। निजी व्यापारी व एक्सपोर्टर ही इसकी खरीद करते हैं। इस किस्म के बासमती धान का रेट अभी औसतन करीब 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल के आसपास चल रहे है। ऐसे में किसानों प्रति एकड़ 20 से 25 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। पिछले साल प्रति एकड़ 50 से 70 मण तक धान निकला था। कुछ किसानों के खेत में उत्पादन प्रति एकड़ 10 क्विंटल तक कम है। माना जा रहा है कि परमल धान का उत्पादन भी 6 से 8 क्विंटल प्रति एकड़ कम निकल रहा है।

**अब तक 1 लाख 53 हजार 367 एमटी परमल धान की आवक**



**फतेहाबाद।** मण्डियों में पड़ी धान की बोरियां। *फोटो: हरिभूमि*

### बरसात से दाने विकसित नहीं हुए

जिस समय धान की फसल में वालियां विकसित हो रही थीं, उसी समय प्रदेशभर में लगातार दो सप्ताह बारिश होती रही। बालियों का झाड़ झड़ गया। इससे दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो पाए। बारिश के बाद धान की फसल में शीत ब्लास्ट और तेला का प्रकोप भी रहा। इस कारण उत्पादन पर असर पड़ा है। अगेती फसल में नुकसान ज्यादा है।
-डॉ. राजेश सिहाग, कृषि उपनिदेशक, फतेहाबाद

### लागत बढ़ी, आमदनी घटी

इस बार फसलों में बीमारियों के कारण कीटनाशकों पर खर्च बढ़ा है। 1509 धान मंडियों में 2800 से 3 हजार रुपए क्विंटल तक बिक रहा है। रेट पिछले साल से 200 से 400 रुपए कम हैं। साथ ही उत्पादन घटने से किसानों को फायदे के बजाय दोहरा नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि 1509 धान प्रति एकड़ 14 से 16 निकला। पिछले साल यह 55 से 60 मण था। ऐसे में प्रति एकड़ 20 से 25 हजार रुपये का नुकसान है। किसानों ने बताया, इस बार धान का रेट भी 200 से 400 रुपये प्रति क्विंटल कम मिल रहा है, जिस कारण उन पर दोहरी मार पड़ रही है। गांव अहलीसदर के निवासी धर्मवीर ने बताया कि पिछले साल से उत्पादन 4 से 6 क्विंटल कम हुआ। दरियापुर के रामेश्वर ने कहा, धान उत्पादन में बड़ी गिरावट है। फतेहाबाद मंडी में फसल बेचने आए किसान सुरेन्द्र सिंह ने कहा, धान उत्पादन 30 से 40 प्रतिशत कम है। इससे खर्च भी पूरा नहीं हुआ।



**सिरसा।** खाद बिक्री केंद्र पर ताला लगाने के बाद नारेबाजी करते किसान।

## पैक्स सेल्समैन बिना वितरण वापस लौटे

# किसानों ने खाद ब्रिक्री केंद्र पर जड़ा ताला

- गांव जोगीवाला में किसानो ने डीएपी खाद के साथ टीएसपी खाद के बैग लेने किया मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

खंड के गांव जोगीवाला में पैक्स बिक्री केंद्र पर डीएपी खाद के साथ के टीएसपी खाद के बैग लेने से किसानों द्वारा मना करने पर सोमवार को हंगाम हो गया। किसानों ने बिक्री केंद्र पर ताला लगा दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। पैक्स सेल्समैन हरपाल सिंह बिना खाद वितरित किए ही वापस लौट गए। ग्रामीण छोटू राम, कृष्ण बेनीवाल, सुरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, जयवीर, प्रकाश, राजाराम, सुभाष, जगदीश, बहादुर सिंह ने बताया कि गांव जोगीवाला के पैक्स बिक्री केंद्र पर 500 बैग डीएपी खाद के आने की सूचना मिलने पर ग्रामीण सोमवार को बिक्री केंद्र पर जा पहुंचे। जब वहां किसान पहुंचे तो पैक्स कर्मियों ने दो बैग डीएपी और एक बैग टीएसपी के लिए किसानों को लाइन में लगने के लिए कहा। तभी किसानों ने कहा कि उन्हें सिर्फ डीएपी खाद चाहिए।, लेकिन पैक्स कर्मचारी टीएसपी और डीएपी खाद के बैग साथ देने लगा।

### जमकर की नारेबाजी

इस दौरान किसान उग्र हो गए और डीएपी के साथ टीएसपी खाद लेने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि डीएपी का बैग 1350 रुपए और टीएसपी का बैग 1300 रुपए का दिया जा रहा है लेकिन उनके पास सिर्फ डीएपी खरीदने के ही पैसे हैं। ऐसे में डीएपी के साथ टीएसपी खाद जबरदस्ती थोपी जा रही है। यह सरासर अन्याय है। ग्रामीणों ने इसी दौरान बिक्री केंद्र पर ताला लगा दिया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी।

# हेरोइन तस्करी में आरोपी केरल से काबू

- नशा तस्करी पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशा तस्करी पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने एक युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में केरल निवासी मोहम्मद सफवान पुत्र खालिद कोलाचियाडुक्कम, निवासी यूसुफ हाजी मंजिल, कोलाचियाडुक्कम, थाना विद्यानगर, पोस्ट एडनीर, जिला कसारगोड, केरल को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले इसी मामले में आठ आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि इस प्रकरण की शुरुआत तब हुई थी जब पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी जगसीर निवासी पंजाब को 4 किलो 5 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया था।



फतेहाबाद। नशा तस्करी मामले में गिरफ्तार केरल का युवक।

### आरोपियों का बख्शा नहीं जाएगा

सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में टोहाना पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सघन अभियान चला रही है। नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसी गतिविधियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पुलिस ने करोड़ों के नशीले पदार्थों को किया नष्ट

- नशे का धंधा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा जब्त किए गए भारी मात्रा में मादक पदार्थों को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से विधिवत नष्ट किया गया। यह कार्रवाई हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव की निगरानी में की गई। यह निस्तारण कार्यवाही हिसार के सेक्टर 27-28 स्थित हुडा इंडस्ट्रियल एरिया के सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में संपन्न हुई। पूरी प्रक्रिया केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शून्य कार्बन उत्सर्जन नीति के तहत पूरी की गई, जिससे यह न केवल कानूनी दृष्टिकोण से सशक्त रही, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी सराहनीय रही। इस अवसर पर फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक हीरा सिंह तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों की उपस्थिति और सतर्क निगरानी में पूरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न की गई।



**फतेहाबाद।** मादक पदार्थों की खेप नष्ट करने के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी।

### कार्रवाई रहेगी जारी

एसपी फतेहाबाद सिद्धांत जैन ने कहा कि यह सिर्फ मादक पदार्थों का निस्तारण नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि नशे का धंधा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फतेहाबाद पुलिस नशे के खिलाफ पूरी तरह सजग, सक्रिय और प्रतिबद्ध है। समाज को भी इस लड़ाई में अपना सक्रिय योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि नशे के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी बिना किसी समझौते के जारी रहेगी।

# ऑनलाइन ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

साइबर क्राइम थाना सिरसा पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना सिरसा प्रभारी सुभाष ने बताया कि राहुल गुप्ता ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसने गूगल पर सैलून फ्रेंचाइजी लेने के लिए सर्च किया था। इसी दौरान कुछ वेबसाइटों पर दिए मोबाइल नंबरों से संपर्क करने पर अज्ञात व्यक्तियों ने खुद को कंपनी प्रतिनिधि बताते हुए उससे व्यक्तिगत विवरण और पैसे मांगे। वह उनकी बातों में आकर अपनी पत्नी के खाते से कुल 2,50,000 रुए आईडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद वेबसाइट और सभी मोबाइल नंबर बंद कर दिए गए।



**सिरसा।** पुलिस गिरफ्त में ऑनलाइन ठगी के आरोपी। *फोटो: हरिभूमि*

# छात्रा आत्महत्या मामले में आरोपी काबू

- बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विकास कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी वार्ड नंबर-5, अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 15 सितंबर को थाना पुलिस को अशोक नगर फतेहाबाद निवासी नायब सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी नातिन, जो बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी, ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



छात्रा सुसाइड मामले में गिरफ्तार युवक।

### मानसिक उत्पीड़न के चलते उठाया कदम

शिकायतकर्ता ने बताया कि मृतका को मोहल्ले में रहने वाला विकास पुत्र मनोहर लाल निवासी अशोक नगर, फतेहाबाद पिछले कई दिनों से मोबाइल फोन पर कॉल और संदेशों के माध्यम से लगातार परेशान कर रहा था। आरोपी के माता-पिता को पहले भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद विकास अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। इसी मानसिक उत्पीड़न के चलते पीड़िता ने यह कदम उठाया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सभी साक्ष्य एकत्र कर आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया।

# इग्नू में सत्र जुलाई के लिए फ्रेश दाखिले की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में संचालित इग्नू स्टडी सेंटर के समन्वयक डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जुलाई 2025 में दाखिले की तिथि अब 15 अक्टूबर 2025 तक है। जो छात्र छात्राएं इग्नू विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर में पढ़ाई करना चाहते हैं और जो नियमित दाखिले से वंचित रह गए थे वे अब बिना देरी के इग्नू स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा कोड नंबर 1085 में स्नातक व स्नातकोतर में जुलाई 2025 सत्र के लिए प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू अध्ययन केंद्र सिरसा में डीईसीई, बीकॉम, बीए, एमए इतिहास व एमए हिंदी कोर्स संचालित हैं। सेंटर के सहायक समन्वयक डॉ. सतपाल ने बताया कि जो विद्यार्थी आगे अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, वे इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करके एडमिशन ले सकते हैं। वहीं सेंटर के सहायक ललित कुमार ने बताया जो विद्यार्थी इग्नू के किसी भी कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं उन्हें दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन करने के बाद एबीसी आईडी बनाना अनिवार्य है।

**दाखिले के लिए एबीसी आईडी बनाना अनिवार्य**

## कार्यक्रम: बिश्नोई मंदिर में गूंजा धर्म, करुणा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश, कैबिनेट मंत्री ने की शिरकत

**श्रद्धालुओं से जीवन में दया, सेवा और संयम को अपनाने का आह्वान किया**

# समाज को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीने की प्रेरणा देती बिश्नोई धर्म की शिक्षाएं : बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

बिश्नोई समाज द्वारा 541वां बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस शहर के बिश्नोई मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर में जांभाणी हरि कथा ज्ञानयज्ञ के भव्य आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु स्वामी सच्चिदानंद महाराज के दिव्य प्रवचनों द्वारा जांभोजी के सिद्धांतों का श्रवण कर रहे हैं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम ने विशेष रूप से शिरकत की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि बिश्नोई समाज ने सदैव मानवता, जीवों के प्रति करुणा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। बिश्नोई धर्म की शिक्षाएं आज भी समाज को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। बिश्नोई धर्म की मूल भावना जीव मात्र से प्रेम ही सच्ची भक्ति है का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में दया, सेवा और संयम को अपनाने का आह्वान किया।



**फतेहाबाद।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को सम्मानित करते बिश्नोई समाज के लोग।

### भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना

**सिरसा।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के कारण ही आज हम अपनी समृद्ध संस्कृति को जान पा रहे हैं। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि युवाओं को हमारे देश के महान गौरवशाली संस्कृति से रूबरू करवाया जाए। यह संस्कृति की सरकार है, इसने जनता की सोच बदलने का काम किया है और निरंतर हर वर्ग के उत्थान में लगी हुई है। मंत्री सोमवार को सिरसा जिला के गांव जलालआना में भगवान वाल्मीकि मंदिर में भगवान वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना अवसर पर आयोजित कार्यक्रमको संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में भी भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं और मानवता को दिशा देने वाली हैं। भगवान राम के जीवन से हमें सच्चे अर्थों में जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।



### भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा का किया अनावरण

**भूना।** शहर के शहीद भगत सिंह पार्क के पास स्थित भगवान वाल्मीकि चौक पर सोमवार को भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी पहुंचे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा, पूर्व विधायक चौधरी दुड़ाराम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा भाजपा में हुए शामिल

नगर पालिका चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा,पार्षद पूजा छोकरा, पार्षद अमन बाबा व पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार ने सोमवार को एक बार फिर कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने उन्हे पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। हालांकि, पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चेयरपर्सन की पहले इनकी वापसी का विरोध किया था।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्राय: इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

## स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



### सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें।

अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

### बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



### साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी। a

### अपनों की अहम भूमिका


**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।



## सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु
निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा। a

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

---

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

## टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन
अलका सोनी

दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'



**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।

**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं। a

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अत: यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है। a

---

डेकोरेशन
श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

## खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना



दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।

**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं। a

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता 23 को

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में आगामी 23 अक्तूबर को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर में होगी। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष विद्यार्थियों में वैज्ञानिक लेखन प्रतिभा पैदा करने और युवा मन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के उद्देश्य से करवाई जाती है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए हुई सामूहिक परिचर्चा

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय में सोमवार को प्राकृतिक आपदाएं अधिक मानवीय है या प्राकृतिक विषय पर सामूहिक परिचर्चा हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस परिचर्चा में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 70 की हुई जांच

**सिरसा।** रोटरी क्लब सिरसा ने सोमवार को दुर्गा मंदिर में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया, जिसमें 70 लोगों को निशुल्क जांच हुई। शिविर में विभिन्न तकनीकों की थेरेपी के माध्यम से उपचार सहित व्यापक चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध थी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और बीमारियों का शीघ्र पता लगाना था।

### पुलिस ने जारी की साइबर एडवाइजरी

**फतेहाबाद।** आज के डिजिटल युग में, जहां इंटरनेट और स्मार्टफोन आम जनजीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं, वहीं साइबर ठगी का खतरा भी तेजी से बढ़ता जा रहा है।



एक क्लिक से आपका बैंक खाता खाली हो सकता है और एक छोटी सी लापरवाही लाखों रुपये की चपत लगा सकती है। साइबर अपराधी हर दिन नई तकनीक और छलपूर्वक तरकीबों से मासूम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

### खेत में चोरी करने पर आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** खेतों से सामान चोरी करने के मामले में जाखल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हरपाल सिंह पुत्र शेरा सिंह निवासी तलवाड़ी, जाखल के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि 6 सितंबर को साधनवास गांव निवासी रिंकू पुत्र बूटा सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके खेत से 40 फीट तार और एक स्टार्टिंग बॉपरेटर चोरी हो गया है। इसके बाद 15 सितंबर की रात को उसी क्षेत्र में साहिब सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी साधनवास के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति आता देखा गया, जो मौके से भाग गया।

## गांव रामपुरा बिश्नोइयां व खुइयां मलकाना में सांसद खेल महोत्सव

# खेलों के माध्यम से युवाओं को मिलती सही दिशा : बराला

- रामपुरा बिश्नोइयां में विकास के लिए 10 लाख तथा खुईया मलकाना में 5 लाख रुपये देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि खेल एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर व्यक्ति विशेषकर युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा मिलती है। खेल व्यक्ति को न केवल शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देता है। देश के युवा व सामाजिक समरसता को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत की गई है। सांसद बराला सोमवार को सिरसा जिले के गांव रामपुरा बिश्नोईयां व खुइयां मलकाना में सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खेल व्यवस्थाओं के लिए रामपुरा बिश्नोईयां में 10 लाख रुपये तथा खुईयां मलकाना में 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसी के साथ गांव खुईयां मलकाना में गांव से स्टेडियम तक सडक बनाने की भी घोषणा की।

**शुभारंभ पर उपस्थित लोगों को सांसद बराला ने संबोधित किया**



सिरसा। सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में मौजूद राज्यसभा सांसद सुभाष बराला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, डबवाली भाजपा अध्यक्ष रेणु शर्मा, बलदेव सिंह मांगेआना, हरियाणा बीज निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन सतीश जग्गा, वाइस चेयरमैन जसवंत जाखड़, सरपंच डिंपल सिंह, जिला महामंत्री विजयंत शर्मा, वरिष्ठां भाजपा नेता वेद फुलां, हनुमान कुंडु, गगनदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### अभिभावक अपने बच्चों को खेलों की ओर करें प्ररित

सांसद ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से खेलों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया करवा रही है। प्रदेश में बिना पर्ची खर्ची के जो योग्य युवा सरकारी नौकरी लगे हैं, उनमें खेल के मैदान में ग्रेडेशन प्राप्त करने वाले युवा भी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रेडेशन में पारदर्शिता प्रणाली लागू की है, अब जो युवा खेल के मैदान में बेहतर प्रदर्शन करता है, उसी का ग्रेडेशन बनता है। बराला ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को खेलों की ओर अग्रसर करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार खेल के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे खिलाड़ियों से बातचीत करके उनका हौसला बढ़ाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं की उपलब्धता की दिशा में बेहतर कार्य हुआ है।

## समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं शिकायतें

# सड़क निर्माण में दिक्कतों को दूर करने की मांग



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते उपायुक्त डॉ. विवेक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। विभागीय अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निदान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपडेट करना भी सुनिश्चित करें। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में सभी विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे।

### ये समस्याएं हुई प्राप्त

समाधान शिविर में हंस कॉलोनी निवासी संजय ने नामजद व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने, भट्टू कलां निवासी राहुल ने मेरी फसल मेरा ब्योरा में नाम दर्ज करने, धांगड़ निवासी विनोद कुमार ने ड्रेनेज पाइप लाइन का निर्माण करने, भूना निवासी अमर सिंह ने बिजली बिल संबंधी समस्या, सनियाना निवासी तनीषा ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करने, चपलामोरी निवासी संजय ने पीपीपी में शैक्षणिक योग्यता में सुधार करने, भूना निवासी रामकली ने पीएम आवास योजना के तहत मकान की राशि दिलवाने, भूना निवासी सुशील कुमार ने जमीन की पैमाइश करवाने की मांग की।

# पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला, एफआईआर में हत्या प्रयास की धारा न जुड़ने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

डूल्ट गांव में पुरानी रंजिश के चलते 45 वर्षीय अंग्रेज सिंह पर पिस्टल, तलवार और डंडों से जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर हत्या के प्रयास व अवैध हथियार रखने की धाराएं न जोड़ने पर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भूना थाने के बाहर प्रदर्शन कर पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार, घायल अंग्रेज सिंह को पहले भूना अस्पताल लाया गया था, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते अग्रोहा मेडिकल और फिर हिसार के निजी अस्पताल में रेफर किया गया।



भूना। डूल्ट गांव में पुरानी रंजिश के मामले में एफआईआर में हत्या प्रयास की धारा न जुड़ने पर थाने के बाहर रोष प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### तलवारों और डंडों से बेरहमी से पीटा

*पुलिस को दिए बयान में अंग्रेज सिंह ने बताया कि गुरविंद्र सिंह उर्फ काका, बेअंत सिंह, गुरजीत सिंह, गुरुमंगत सिंह, जजदीप उर्फ जज सहित पांच अज्ञात लोगों ने मिलकर उस पर हमला किया। आरोप है कि पहले पिस्टल कनपटी पर लगाकर जान से मारने की धमकी दी गई, फिर तलवारों और डंडों से बेरहमी से पीटा गया। हालांकि पुलिस ने बीएनएस की धाराओं 115, 117(2), 126, 190, 191(2), 193(3) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। गुरविंद्र सिंह, बेअंत सिंह और गुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक स्विफ्ट कार व तीन डंडे बरामद किए गए हैं, लेकिन गिरफ्तारी के तुरंत बाद उन्हें जमानत मिल गई।परिजनों का आरोप है कि आरोपियों में कुछ लोग कुख्यात भांभू गैंग से जुड़े हैं और एक आरोपी हत्या के केस में पहले से जमानत पर है। परिजनों ने उस जमानत को रद्द करने की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद यदि गंभीर चोटों की पुष्टि होती है तो हत्या के प्रयास की धाराएं जोड़कर दोबारा गिरफ्तारी की जाएगी।*

# पराली जागरुकता वैनों को डीसी ने दिखाई झंडी किसानों से की स्वच्छ पर्यावरण की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की कि वे खेतों में पराली न जलाएं और अन्य किसानों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उपायुक्त ने कहा कि हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके, इसलिए हर किसान यह संकल्प ले कि वह खेतों में पराली नहीं जलाएगा। डॉ. विवेक भारती ने सोमवार को लघु सचिवालय प्रांगण से कृषि विभाग के 4 पराली जागरूकता वैनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

**खेतों में पराली को न जलाने की अपील की**




फतेहाबाद। पराली जागरुकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### येलो जोन के गांवों में प्रति 50 किसान पर नोडल अधिकारी नियुक्त

*उपायुक्त ने बताया कि जिले के येलो जोन वाले गांवों में प्रति 50 किसान पर तथा ग्रीन जोन वाले गांवों में प्रति 100 किसान पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो किसानों को पराली प्रबंधन करने और खेतों में पराली अवशेषों को आग न लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि खेतों में पराली जलाने से वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, जिससे सांस, फेफड़ों और सामान्य स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है जिससे सिरदर्द, सांस लेने में दिक्कत, अस्थमा और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. विवेक भारती ने आगे कहा कि पराली जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि जमीन की उर्वरा क्षमता भी प्रभावित होती है। मिट्टी में मौजूद उपयोगी जीवाणु व कीट नष्ट हो जाते हैं जिससे फसलों की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे पराली प्रबंधन के आधुनिक उपायों को अपनाएं और स्वच्छ, स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में अपना योगदान दें। इस मौके पर सीटीएम गौरव गुप्ता, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*

# अढ़ाई वर्षों में गांव दैय्यड़ में विकास की नई इबारत, मरुभूमि हुई जगमग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

राजस्थान सीमा से सटे हरियाणा के गांव दैय्यड़ में बीते अढाई वर्षों में ऐसा विकास हुआ है कि यह गांव अब किसी छोटे शहर की तरह चमकने लगा है। लगभग 6,000 की आबादी और 3,400 मतदाताओं वाले इस गांव में साल 2022 में प्रोमिला जांगड़ा को सरपंच चुना गया था। उनके कार्यकाल की शुरुआत से ही विकास का पहिया रुकने का नाम नहीं ले रहा। गांव के सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण जांगड़ा विकास कार्यों की निगरानी खुद करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, वे केवल देखरेख तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कई बार खुद कुदाल और ट्रैक्टर चलाकर काम में हाथ बंटाते हैं। उनका यह समर्पण गांववासियों के बीच प्रशंसा का विषय बना हुआ है।

**अढाई वर्ष में 15 करोड रुपए से हुए विकास कार्य**



भट्टूकलां। सरपंच प्रोमिला जांगड़ा व सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण जांगड़ा।

### सीसीटीवी लगवाए

अढाई वर्षों में गांव में करीब 15 करोड़ रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं। गांव और स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। शमशान भूमि का सौंदर्यीकरण किया गया है, जिसमें 1.25 करोड़ रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स, छायादार शेड और अन्य बुनियादी सुविधाएं बनाई गई हैं। सडकों और गलियों का कायाकल्प, जिस पर करीब 2 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। गांव की हर गली में एलईडी स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई हैं, जिससे रात्रि में गांव की छवि किसी शहर से कम नहीं लगती।

# हजारों छात्रों व अध्यापकों ने देखा विकसित भारत बिल्डथॉन का लाइव सेशन

- सरकारी स्कूलों में 'विकसित भारत बिल्डथॉन 2025' के अंतर्गत बिल्डथॉन के मुख्य भाग, लाइव इवेंट को नवाचार कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई तथा डीपीसी नरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार जिले के सरकारी स्कूलों में 'विकसित भारत बिल्डथॉन 2025' के अंतर्गत बिल्डथॉन के मुख्य भाग, लाइव इवेंट को नवाचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का अवलोकन जिला विज्ञान विशेषज्ञ, जिला गणित विशेषज्ञ, एपीसी निहाल सिंह, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी जिला फतेहाबाद तथा डाइट मताना की टीम ने किया।



फतेहाबाद। विकसित भारत बिल्डथॉन का लाइव सेशन देखते विद्यार्थी।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया उद्घाटन

*उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत बिल्डथॉन का जिंगल भी सुनाया गया। उन्होंने बताया कि भारत से चुने हुए कुछ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने विचार इसमें साँझा किये तथा अपने कार्य की प्रगति के बारे में बताया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लाइव सेशन के दौरान कहा कि इस बार 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नौजवानों से आह्वान करते हुए कहा था कि विकसित भारत का सपना आपके कंधे पर ही पूरा होने वाला है। यह लक्ष्य हम आप ही के सपने पर पूरा करेंगे। देश की नई पीढ़ी में इनोवेशन की संस्कृति को जनांदोलन में बदलने के लिए विकसित भारत बिल्डथॉन शुरू किया गया है, जिसमें चार थीम पर चर्चा होगी।*

# एसडीएम ने किया अनाज मंडी का दौरा फसल खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने सोमवार को अतिरिक्त अनाज मंडी टोहाना का औचक निरीक्षण कर धान खरीद के लिए किए गए प्रबंधों और सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता हो और सभी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान मंडियों में अनाज भंडारण, वेट मशीनों की कार्यप्रणाली और खरीदी प्रक्रिया की बारीकियों का परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सही वजन और उचित तरीके से ही अनाज खरीद होनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

**किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकताः आकाश शर्मा**



टोहाना। अनाज मण्डी का निरीक्षण करते एसडीएम।

### सुविधाओं को जांचा

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंडियों में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीने के पानी, शौचालय, बिजली की सुचारु व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को मंडियों में शौचालयों की नियमित सफाई, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की निरंतर जांच और रखरखाव करने के निर्देश दिए।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों का होता सर्वांगीण विकासः सुषमा गुप्ता

- बाल महोत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने सोमवार को स्थानीय बाल भवन में बाल महोत्सव 2025 के तहत 18 अक्तूबर तक आयोजित की जा रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने प्रयास मेंटली चैलेंज्ड चिल्ड्रन स्कूल के बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और सराहना की। बच्चों ने दीपक, लकड़ी के मोती माला, रूमाल, अप्रैन, बत्ती, आदि की प्रदर्शनी लगाई। प्रतियोगिताओं के पहले दिन वन एक्ट प्ले, देशभक्ति गीत, ग्रुप डांस, सोलो डांस, पोस्टर मेकिंग, हैंड राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



सिरसा। बाल महोत्सव का उदघाटन करते मुख्यातिथि।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

इससे पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल ने जिला बाल कल्याण परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर तक विभिन्न वर्गों में कुल 44 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, प्रतियोगिता के पहले दिन लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों द्वारा हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी नृत्य आदि पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### पोषण माह के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव धांगड़ में सुपरवाइजर खुशी व किरण की अध्यक्षता में पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को अच्छे खान पान, स्वस्थ जीवन के बारे में बताते हुए विभाग द्वारा भेजे जा रहे प्रोटीन युक्त, कैल्शियम युक्त राशन की गुणवत्ता बताई गई। पोषण युक्त थाली प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि हमारे भोजन की थाली में हर रंग आवश्यक है। जैसे पीले रंग का नींबू जो कि विटामिन सी का स्त्रोत है। हरा रंग सब्जियों में युक्त विटामीन को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न स्कीमों के बारे में भी बताया गया। पोषण माह के अंतर्गत पानी बचाओ, जल है तो कल है, जल बिना जीवन नहीं आदि नारे लगाते हुए एक जागरुकता रैली भी निकाली गई।

## धर्म-कर्म

## सप्तमी तिथि को मनाया जाने वाला यह व्रत महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

**मंदिरों में सुबह से ही पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंजती रही**

# संतान की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने सोमवार को अपने बच्चों की लंबी उम्र, सुरक्षा और सुख-समृद्धि के लिए संतान सप्तमी व्रत रखा। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाने वाला यह व्रत महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर नगर की महिलाओं ने मंदिरों में जाकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की।

महिलाओं ने बताया कि संतान सप्तमी व्रत हर वर्ष भाद्रपद शुक्ल सप्तमी को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जल रहकर व्रत करती हैं और शाम को कथा सुनने के बाद भगवान शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। इसके पश्चात संतान के मस्तक पर हाथ फेरकर आशीर्वाद देती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से संतान की सभी बाधाएं दूर होती हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। ग्रामीण इलाकों में भी महिलाओं ने परंपरागत तरीके से व्रत किया और सामूहिक रूप से पूजा आयोजन में हिस्सा लिया। मंदिरों में सुबह से ही पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन की ध्वनि गूंजती रही। श्रद्धालु महिलाओं ने बताया कि यह व्रत न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि मातृत्व के दायित्व को निभाने का संकल्प भी है।



भूना। व्रतधारी महिलाओं में नगर पालिका की मनोनीत पार्षद पूनम सिंगला आदि महिला कहानी

### क्यों किया जाता है यह वर्त

इस व्रत को लेकर व्रती महिलाओं का कहना है कि यह संतान के आरोग्य और दीर्घायु का प्रतीक है। साथ ही, यह व्रत संतान सुख की प्राप्ति के लिए भी किया जाता है। जिन महिलाओं को संतान नहीं है, वे भी इस व्रत को श्रद्धा भाव से रखती हैं ताकि उन्हें मातृत्व का सुख प्राप्त हो सके। व्रतधारी महिलाओं में नगर पालिका की मनोनीत पार्षद पूनम सिंगला, पार्वती देवी, कृष्णा देवी, संगीता रानी, समेस्ता लांबा, मंजू सिहाग, ललिता देवी समेत अन्य हजारों महिलाएं शामिल रहीं।

## खबर संक्षेप

### फर्जीवाड़ा मामले में महिला गिरफ्तार

फतेहाबाद। जन्म प्रमाण पत्र फर्जीवाड़ा मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान रीना रानी पत्नी प्रकाश निवासी वार्ड नंबर 26, गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### सिविल पेंशनर्ज की मासिक बैठक सम्पन्न

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में सदस्यों मोहन लाल, मनफूल सिंह, राजेन्द्र ललित, रिशीराज शर्मा, रणधीर सिंह इत्यादि ने अपने विचार रखे तथा सभी ने सरकार द्वारा मांगे 65, 70, 75 वर्ष की आयु में पैंशनर्ज को पेंशन में 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की।

### ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए आवेदन 16 तक

**टोहाना।** उपमण्डलाधीश आकाश शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर द एक्सप्लसिव नियम, 2008 के 84 अनुसार पटाखे /आतिशबाजी केवल ग्रीन पटाखों की स्टाल के लिए 18 से 20 अक्टूबर तक अस्थाई लाईसेंस जारी किए जाएंगे। स्टाल लगाने के लिए उपमंडल टोहाना में टाउन पार्क, हिसार रोड के सामने वाली खाली पड़ी जगह और राजकीय माडल सांस्कृतिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लडके जाखल में स्थान निर्धारित किया गया हैं। इसके लिए 16 तक आवेदन करना होगा।

### छीना-झपटी का आरोपी काबू, अंगूठी बरामद

**सिरसा।** पुलिस ने छीना झपटी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा सोने की अंगूठी व चांदी का कड़ा बरामद किया है। सुखबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 अक्टूबर को उसके परिचित बबलू शर्मा पुत्र नेमीचंद शर्मा निवासी सुरतगढ़िया चौक बडौदा बैंक वाली गली वार्ड नं.19 सिरसा और उसका साथी ने उसे एक प्लाट दिखाने बहाने लेकर गए थे और सामान छीन लिया।

## आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार मामले को लेकर हर तरफ गुस्सा

# सड़कों पर उतरे जनसंगठन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

संगठनों ने उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भाजपा सरकार में संविधान और संविधानिक अधिकारों पर निरंतर हमला किया जा रहा है, जिसके निशाने पर दलित समुदाय है। भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले और आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की संस्थागत हत्या भी न्याय से वंचित हैं। इन मामलों में न्याय की मांग और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करवाने की मांग को लेकर सोमवार को विभिन्न जनसंगठनों ने सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। दलित अधिकार मंच, अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर यूनियन, किसान सभा, सीआईटीयू, जनवादी नौजवान सभा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, लायर्स यूनियन से जुड़े लोगों ने उपायुक्तकार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में इन जनसंगठनों से रामकुमार बहबलपुरिया, जगतार सिंह, ओमप्रकाश अनेजा, देवीलाल एडवोकेट, शाहनवाज एडवोकेट, पार्षद मोहनलाल नारंग, हरकिशन कम्बोज, दलबीर सिंह आजाद, जोगेन्दर सिंह भ्याना, जंगीर सिंह, प्यारा राम भ्योंद, प्रभु राम फूलां, पवन कुमार सहित अनेक नेताओं ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की संस्थागत हत्या पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

**परिवार को तुरंत न्याय मिले**

धरने को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि यह संस्थागत हत्या है। उन्होंने सुसाइड नोट में कई आईपीएस और आईएएस अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं जिन्होंने उनका उत्पीडऩ किया। वे बार-बार आरोपित अधिकारियों की शिकायत करते रहे परंतु राज्य सरकार द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह बहुत शर्मनाक है कि सरकारी तंत्र में बड़े पद पर बैठे इस पुलिस अधिकारी को इस हद तक जातिगत भेदभाव, अपमान और उत्पीडऩ झेलना पड़ा कि उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया। एडीजी वाई पूरण कुमार की इस दर्दनाक मौत ने हर संवेदनशील नागरिक को झकझोर कर रख दिया है। वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ शासक पार्टी विकास की डींगें हांकने में लगी हुई है दूसरी तरफ जाति व धर्म के नाम पर उत्पीडऩ के मामले बढ़ रहे हैं। सत्ता की छांव में जात-पात को मजबूत किया जा रहा है। जिससे तनाव बढ़ता जा रहा है।




फतेहाबाद। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ता व प्रदर्शन के बाद अधिकारी को ज्ञापन सौंपते जनसंगठनों के कार्यकर्ता।

### लघु सचिवायल पर किया प्रदर्शन

हरियाणा के एडीजीपी पूरन कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर बसपा ने सोमवार को फतेहाबाद के लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व बसपा के प्रदेश प्रभारी रामसिंह फौजी ने किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग उठाई। बसपा नेताओं ने एसडीएम राजेश कुमार को ज्ञापन सापैंकर मामले की निष्पक्ष जांच कर डीजीपी शत्रुजीत कपूर के खिलाफ कार्रवाई करने और परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई। उन्होंने चेतावनी दी, कि अगर मांगें नहीं मानी गई, तो भविष्य में चंडीगढ़ में घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। बसपा के प्रदेश प्रभारी रामसिंह फौजी ने कहा कि एडीजीपी की आत्महत्या नहीं, बल्कि यह एक गहरी साजिश का मामला है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पूरन कुमार जैसे ईमानदार अधिकारी की आत्महत्या कई सवाल खड़े करती है। परिवार को न्याय दिलाने तक बसपा चुप नहीं बैठेगी।

## आईपीएस सुसाइड मामले में कांग्रेस व बसपा ने दिया धरना


सिरसा। लघुसचिवालय में धरना देते कांग्रेसी व रोष जताते बसपा कार्यकर्ता।

- मामले की जांच करवाने व आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार सुसाइडमामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सिरसा ने लघु सचिवालय में धरना देकर मामले की निष्पक्ष जांच व त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष बैनीवाल ने कहा कि पार्टी की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के आदेश पर कांग्रेस पार्टी की जिला इकाई की ओर से रोष व्यक्त किया गया है। इसके अलावा बसपा कार्यकर्ताओं ने भी लघुसचिवालय में धरना दिया और मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि एडीजीपी के परिवार के साथ अन्याय न हो और इस मामले की बारीकी से जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाए। जो भी अधिकारी इस मामले में आरोपी हैं, उनके खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए।

### लीपापोती न करे सरकार: रामधन

सिरसा। बहुजन समाज पार्टी ने लघु सचिवालय में जोरदार प्रदर्शन कर हरियाणा के आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। बसपा जिलाध्यक्ष रामधन चौटाला ने कहा कि यह केवल आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित प्रशासनिक हत्या है। सरकार इस मामले को दबाने और लीपापोती करने की कोशिश कर रही है, जिसे बसपा कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी। बसपा ने जिला उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोप लगाया गया कि आईपीएस वाई पुरन कुमार को उनकी जाति के आधार पर अपमानित व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाया। इसके साथ-साथ बसपा ने हाल ही में मुख्य न्यायाधीश पर हुए जूता फेंकने के कृत्य को भी संविधान और न्यायपालिका पर हमला है।

# किलोमीटर स्कीम की बसों को पेमेंट का विरोध

- 50 करोड़ देने का रोडवेज यूनियन ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एक तरफ प्रदेश सरकार के पास दिन-रात मेहनत करने वाले रोडवेज कर्मचारियों को लाभ देने के लिए बजट नहीं है वहीं दूसरी ओर सरकार कोरोना काल में खड़ी रही ठेके की किलोमीटर स्कीम की बसों को 40 से 50 करोड़ की पेमेंट देकर सौगात दे रही है। रोडवेज कर्मचारी यूनियन एटक सरकार के एक फैसले का पुरजोर विरोध करती है। यूनियन ने प्रदेश के परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की जांच करवाने और पेमेंट की अदायगी रोकने की मांग की है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जांच नहीं करवाई तो यूनियन कोर्ट की शरण लेगी। रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा एटक के राज्य प्रधान निशान सिंह, राज्य महासचिव जयबीर घणघस, कार्यकारी प्रधान अनूप लाठर, फतेहाबाद डिपो प्रधान हनुमान वर्मा व सचिव संदीप जांडली ने बताया कि प्रदेश सरकार चालक व परिचालक से 18-18 घण्टे की कठिन ड्यूटी लेकर बहुत कम वेतनमान देकर शोषण कर रही हैं। कर्मचारियों के अर्जित देय अवकाशों में नियमो के विपरीत बड़ी कटौती की गई हैं। रोडवेज कर्मचारियों को पिछले 8-9 सालों से बोनस नही दिया जा रहा है।


फतेहाबाद। एओ को ज्ञापन सौंपते रोडवेज यूनियन के पदाधिकारी।

### ये बोले कर्मचारी

रोडवेज नेताओं ने कहा कि परिवहन विभाग के महानिदेशक द्वारा पत्र जारी करके सभी महाप्रबंधकों को 18 मई 2020 से 23 नवम्बर 2020 व 3 मई 2021 से 30 जून 2021 तक समय की पेमेंट करने के आदेश दिए हैं। एग्रीमेंट की भी अवहेलना की जा रही है। मुख्यालय के अधिकारी महाप्रबंधकों पर जल्द पेमेंट करने के आदेश बार बार आदेश जारी कर रहे हैं।

# पुलिस परेड का आयोजन, एसपी ने ईआरवी और राइडर का निरीक्षण

- परेड ग्राउंड पर पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस लाइन फतेहाबाद में सोमवार को पुलिस परेड का आयोजन किया गया। परेड का नेतृत्व फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने किया, जिन्होंने परेड ग्राउंड पर पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया और तत्पश्चात जवानों की परेड का निरीक्षण किया। उनके द्वारा परेड की सटीकता, सजगता और अनुशासन पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की गई। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक सच्चा प्रहरी वही है, जिसकी आत्मा और शरीर दोनों सजग हों। यह पेशा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि एक मिशन है, सेवा और सुरक्षा का ऐसा व्रत, जो बिना किसी शर्त निभाना होता है। उन्होंने बल के प्रत्येक सदस्य से अपेक्षा जताई कि वे निरंतर अभ्यास करते हुए अपने दायित्वों को नैतिकता और ऊर्जा के साथ निभाएं। पुलिस को सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं, बल्कि जन विश्वास का भी प्रहरी बनना है।


फतेहाबाद। परेड का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन।

# पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश जरूरी: एडीसी


सिरसा। पराली प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीसी।

- अधिकारी फील्ड में उतरकर अपने क्षेत्र में रखें निगरानी, पराली प्रबंधन के लिए किसानों को करें और जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि स्वच्छ वातावरण के लिए पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश जरूरी है। इस दिशा में पूरी जिम्मेवारी व बेहतर मैनेजमेंट के साथ काम करने की जरूरत है। इस कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में धरातल स्तर पर काम करें और पराली जलाने की घटनाओं पर पूरी निगरानी रखें। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त सोमवार को लघुसचिवालय स्थित सभागार में पराली प्रबंधन के तहत अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार, एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार, डीएसपी आदर्शदीप सिंह, उपनिदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया व एसडीएम डबवाली अर्पित संगल वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े।

एडीसी ने कहा कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई है, वे अभी से संबंधित गांव में जाकर किसानों से संपर्क करें और उन्हें पराली प्रबंधन करने का संदेश दें। उन्हें बताया जाए कि यदि कोई पराली जलाता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं से न केवल प्रदूषण का स्तर बढ़ता है।

### सीडीएलयू के न्यूजलेटर संवर्धन का अनावरण

**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विभाग द्वारा प्रकाशित न्यूज़लेटर संवर्धन का औपचारिक अनावरण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने किया। यह पहल छात्रों को पत्रकारिता और प्रकाशन की दुनिया का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी। न्यूज़लेटर का अनावरण करने के उपरांत कुलपति ने अपने संबोधन में संवर्धन को केवल एक विभागीय इलेक्ट्रॉनिक बुलेटिन तक सीमित न रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि इस प्रकाशन को विद्यार्थियों के लिए लाभकारी विचार का एक सक्रिय और प्रेरक स्रोत बनना होगा। कुलपति ने दृढ़तापूर्वक कहा की हमारा लक्ष्य सीडीएलयू को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाना है, और संवर्धन उस विचार को हर स्टेक होल्डर तक पहुंचाएगा। यह न्यूज़लेटर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप, छात्रों में सकारात्मक सोच, तकनीकी दक्षता और नैतिक आचरण की भावना जागृत करेगा ।


फोटो :13सिरसा10 : सीडीएलयू के न्यूजलेटर का अनावरण करते कुलपति।


सिरसा। एसकेएस के कार्यक्रम में उपस्थित उपस्थित सदस्य।

### कर्मचारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन 19 से

**सिरसा।** सर्व कर्मचारी संघ की पटवार भवन में बैठक हुई। बैठक में राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और 59 विभागीय संगठनों को राज्य सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 19, 20, 21 दिसंबर को पंचकूला में होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सिरसा जिले की भूमिका अहम रहेगी। बैठक में सभी विभागीय यूनियनों के पदाधिकारी व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा सरकार की जनविरोधी नीतियों, कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचारों, पुलिस अधिकारियों के खिलाफ उत्पीडऩ के आरोपों की निष्पक्ष जांच, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर उचित करवाई की मांग की गई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर चिंता व्यक्त की गई।

### अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई जल्द पूरा करने की मांग

फतेहाबाद। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों का सम्मेलन अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें देश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई का काम जल्द पूरा करना चाहिए जबकि 6 महीने से टीलें की खुदाई का काम बंद पड़ा है और टीलें की खुदाई का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। अग्रोहा धाम टीला सडक़ से लगभग 25 फुट ऊंचा है। टीलें को ऊपर से प्लेन करने के बाद भी नीचे से कम से कम 20 फुट से ज्यादा ओर खुदाई होनी है अगर इसी प्रकार टीलें की खुदाई का काम जारी रहा तो खुदाई में कई साल लग जाएंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा त्याग की मूर्ति महाराजा अग्रसेन जी की धर्म नगरी अग्रोहा राजधानी थी। अग्रोहा टीलें की खुदाई में बेशुमार कीमती समान मिलेगा।


फतेहाबाद। समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बजरंग गर्ग।

## 'सोशल मीडिया का शासन पर प्रभाव' विषय पर विस्तार व्याख्यान

# नागरिकों व सरकार के बीच संवाद का सशक्त माध्यम

मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद के लोक प्रशासन विभाग के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज, फतेहाबाद के लोक प्रशासन विभाग के तत्वाधान में 'सोशल मीडिया का शासन पर प्रभाव' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के लोक प्रशासन विभाग से प्रोफेसर डॉ. सुल्तान सिंह ढांडा ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता स्वामी ने किया।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में डॉ. सुल्तान सिंह को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास।

### सशक्त माध्यम बना

अपने वक्तव्य में डॉ. सुल्तान सिंह ढांडा ने कहा कि सोशल मीडिया आज शासन और प्रशासन दोनों के लिए एक सशक्त माध्यम बन चुका है, जो नागरिकों और सरकार के बीच संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के कारण सरकार की कार्यप्रणाली पहले से कहीं अधिक जनता की नजर में आ गई है। सरकारी विभागों और अधिकारियों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लोग सीधे सवाल कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है और सरकार को अपनी नीतियों और फैसलों के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारों और नागरिकों दोनों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर जागरूक और जिम्मेदार बनें। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को समसामयिक विषयों की समझ बढ़ाने में मदद करते हैं। इतिहास विभाग से प्रो. सुरेन्द्रपाल ने मुख्यअतिथि का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. विजय गोयल, प्रो. विरेन्द्र सिंह, प्रो. सुशील कुमार, प्रो. गुरप्रीत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण दौर: सुनीता

सिरसा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डिंग द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस सिरसा जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्यों एवं मुख्याध्यापकों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट, सिरसा प्राचार्या सुनीता साईं ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण दौर होता है, जिसमें सही मार्गदर्शन एवं जागरूकता युवाओं को एक सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर करती है। राजकीय नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरसा के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व में रहे अध्यक्ष एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. दलजीत सिंह कालड़ा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और मार्गदर्शन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916